# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी जुलाई, 2025

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी जुलाई, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

**Newspaper of 1 July, 2025**

- **19वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर सांख्यिकी मंत्रालय ने नेशनल इंडिकेटर फ्रेमवर्क प्रगति रिपोर्ट जारी की; सामाजिक सुरक्षा का दायरा वर्ष 2025 में 64.3% हुआ—**

30 जून, 2025 को 19वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर जारी नेशनल इंडिकेटर फ्रेमवर्क (एनआइएफ) प्रगति रिपोर्ट 2025 जारी की गई। रिपोर्ट बताती है कि देश ने पिछले एक दशक में गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहरानीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं, पर स्वच्छ ऊर्जा, लैंगिक असमानता और स्वास्थ्य व्यय जैसे क्षेत्रों में अब भी ठोस प्रयासों की दरकार है। स्वास्थ्य अनुसंधान पर खर्च 400% बढ़ा है, पर समग्र शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर कुल व्यय घटा है।

| वर्ष | आबादी का अनुपात |
|---|---|
| 2016 | 22.0% |
| 2019 | 24.4% |
| 2022 | 48.8% |
| 2025 | 64.3% |

वर्ष 2016 में जहाँ केवल 22% आबादी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में थी, 2025 तक यह आँकड़ा लगभग तीन गुना बढ़कर 64.3% हो गया। गरीबी उन्मूलन की दिशा में भी भारत ने अहम कदम बढ़ाए हैं। बहुआयामी गरीबी दर 2015-16 में 24.85% से घटकर 2019-21 में 14.96% रह गई। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले बुजुर्गों की संख्या भी 23,000 (2015) से बढ़कर 1.57 लाख (2023-24) तक पहुँच गई।

- **अरुणाचल प्रदेश में फाल्के अवॉर्ड विजेता गायक-संगीतकार भूपेन हजारिका का म्यूजियम बनेगा—**

'दिल हूम हूम करे', 'गंगा तुम बहती हो क्यों' और 'आने वाली है बहार सूने चमन में' जैसे कालजयी गीतों के गायक संगीतकार डॉ. भूपेन हजारिका के जन्मशती वर्ष के मौके पर अरुणाचल प्रदेश सरकार ने उनका संग्रहालय स्थापित करने का ऐलान किया है। यह दिबांग वैली जिले के मुख्यालय रोइंग में खुलेगा। संग्रहालय में उनकी दुर्लभ तस्वीरों, गीतों की हस्तलिखित प्रतियाँ, संगीत रचनाएँ, साहित्य और सामाजिक कार्यों के दस्तावेज प्रदर्शित किए जाएंगे। अरुणाचल में हजारिका ने शुरुआती साल बिताए थे। 5 नवंबर, 2011 को उनका निधन हो गया था।

असम सरकार भी भूपेन हजारिका के सम्मान में एक साल चलने वाला जन्म शताब्दी समारोह उनके जन्मदिन 8 सितंबर से शुरू होकर अगले साल इसी तारीख तक चलेगा। उद्घाटन और समापन समारोह गुवाहाटी या नई दिल्ली में होंगे। असम हजारिका की जन्मभूमि रही तो अरुणाचल प्रदेश से भी उनका नाता है। उन्होंने राज्य का गान 'अरुणाचल हमारा' कंपोज किया और राज्य की पहली हिंदी फिल्म 'मेरा धर्म मेरी माँ' का निर्देशन किया।

- हाल ही में पंजाब के छह साल के बच्चे तेगबीर सिंह ने रूस के माउंट एल्ब्रस की 18,510 फीट ऊँची चोटी फतह कर वर्ल्ड रेकॉर्ड बना दिया। तेगबीर ने 20 जून को चढ़ाई शुरू कर 28 जून को चोटी पर तिरंगा लहरा दिया। दूसरी कक्षा में पढ़ रहा छह साल और नौ महीने का तेगबीर माउंट एल्ब्रस फतह करने वाला दुनिया का सबसे कम उम्र का पर्वतारोही बन गया।

एल्ब्रस क्षेत्र का सामान्य तापमान शून्य से 10 डिग्री से. तक नीचे रहता है। तेगबीर ने महाराष्ट्र के कुशाग्र का रेकॉर्ड तोड़ा, जो 2024 में सात साल और तीने महीने की उम्र में माउंट एल्ब्रस पहुँचा था।

- **बैडमिंटन का नया सितारा; 6 फीट 4 इंच लंबे 20 साल के आयुष यूएस ओपन जीते—**

भारत के 20 वर्षीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी यूएस ओपन में पुरुष सिंगल्स चैम्पियन बने। 6 फीट 4 इंच लंबे वर्ल्ड नंबर-31 आयुष ने फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को 21-18, 21-13 से हराया। उन्होंने 47 मिनट में जीत हासिल की। यह भारत के लिए बैडमिंटन में इस साल का

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

संजीव प्रकाशन

पहला वर्ल्ड टूर खिताब है। यह उनके करियर का पहला सीनियर टाइटल है। आयुष ने टूर्नामेंट में बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हराया। वे करियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग पर पहुँच गए हैं। इससे पहले आयुष 2023 में ओडिशा मास्टर्स सुपर 100, बहरीन इंटरनेशनल और 2024 में डच ओपन के फाइनल तक पहुँचे थे, लेकिन अब जाकर उन्हें पहला बड़ा खिताब मिला है। वहीं, महिला सिंगल्स में भारत की 16 वर्षीय तन्वी शर्मा रनरअप रहीं।

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक के आयुष ने 8 साल की उम्र में पिता से ट्रेनिंग लेने के बाद बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षण लिया। यूएस ओपन के सेमीफाइनल में आयुष ने विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ तिएन-चेन को हराकर सनसनी मचा दी थी।

## Newspaper of 2 July, 2025

■ **केन्द्र सरकार ने निजी क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने हेतु एक लाख करोड़ रुपए की एम्प्लायमेंट लिंक्ड इंसेंटिव ( ईएलआइ ) योजना को मंजूरी दी; यह योजना अगस्त, 2025 से जुलाई, 2027 के बीच लागू रहेगी—**

केन्द्र सरकार ने देश के प्राइवेट सेक्टर में रोजगार की बहार लाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की एंप्लायमेंट लिंक्ड इंसेंटिव (ईएलआइ) योजना की मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत दो साल में 3.5 करोड़ से अधिक युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए सभी प्रमुख सेक्टर में रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए इस योजना को हरी झंडी दी।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इंडस्ट्री के साथ चर्चा करने के बाद यह स्कीम तैयार हुई है। जब युवा नौकरी के लिए जाते है तो अनुभव वालों को वरीयता मिलती है। ऐसे में फर्स्ट टाइमर (फ्रेशर) को एक महीने की सेलरी के बराबर सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। इससे नियोक्ताओं क सामने फर्स्ट टाइमर की तुलना में एक्सपीरियंस को तवज्जो देने का दबाव दूर होगा। इस योजना के तहत, जहाँ पहली बार रोजगार करने वाले कर्मचारियों को अधिकतम 15,000 रुपए तक एक महीने का वेतन मिलेगा, वही नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### पार्ट-1 कर्मचारी के लिए

### एक लाख रुपए तक का वेतन पाने वाले होंगे पात्र

पहली बार आवेदन करने वालों पर केंद्रित है। ईपीएफओ के साथ पंजीकृत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यन में रखते हुए।

- एक महीने का ईपीएफ वेतन 15,000 रुपए तक दो किस्तों में दिया जाएगा।
- इसके लिए एक लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारी पात्र होंगे।
- पहली किस्त छह महीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी की ओर से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी।
- भाग ए से पहली बार रोजगार पर आने वाले लगभग 1.92 करोड़ कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।
- बचत की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए जमा खाते में बचत के रूप में रखा जाएगा, जिसे कर्मचारी बाद की तारीख में निकाल सकेगा।

### पार्ट-2 नियोक्ता के लिए

### हर कर्मचारी पर दो साल तक प्रतिमाह 3000 रुपए

योजना का यह हिस्सा नियोक्ताओं पर केन्द्रित है। इस भाग में सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन को शामिल किया जाएगा, जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

- नियोक्ताओं को एक लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मचारियों के संबंध में प्रोत्साहन मिलेगा।
- सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो साल तक 3000 रुपए प्रति माह तक का प्रोत्साहन देगी।
- विनिर्माण क्षेत्र के लिए प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाया जाएगा।
- ईपीएफओ के साथ पंजीकृत 50 से कम स्टाफ वाले संस्थानों को कम से कम छह माह के लिए निरंतर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी और 50 से अधिक स्टाफ वाले संस्थानों को पाँच अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त करने पर लाभ होगा।
- इससे लगभग 2.60 करोड़ व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त रोजगार सृजन हेतु नियोक्ताओं को प्रोत्साहन राशि मिलने की उम्मीद है।

**डीबीटी से होगा भुगतान—**पार्ट-1 के तहत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को सभी भुगतान डीबीटी मोड में किए जाएंगे। पार्ट-2 में नियोक्ताओं को भुगतान सीधे पैन-लिंक्ड खातों में किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने आल-इन-वन 'रेलवन' मोबाइल ऐप लॉन्च किया; अब यात्रियों को रिजर्वेशन, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, टिकट रिफंड, खाने का ऑर्डर और माल परिवहन (फ्रेट) से संबंधित सुविधाएँ एक ही प्लेटफॉर्म 'रेलवन' ऐप पर मिल सकेंगी—

1 जुलाई, 2025 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीआरआइएस के 40वें स्थापना दिवस समारोह में ऑल-इन-वन रेलवन मोबाइल ऐप लॉन्च किया।

**ये सुविधाएँ मिलेंगी—**

1. आरक्षित और अनारक्षित टिकट बुकिंग।
2. प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग।
3. पीएनआर स्टेटस चेक करना।
4. रेलवे स्टेशन पर कोच पोजीशन की जानकारी।
5. मालगाड़ी (फ्रेट) व पार्सल डिलीवरी की पूछताछ।
6. ट्रेन का लाइव स्टेटस।
7. रेल मदद का लाभ। यात्री सीधे शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

**पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं—**

इस ऐप में सिंगल साइन-ऑन की सुविधा दी गई है। इससे लोगों को कई पासवर्ड याद नहीं रखने होंगे। ऐप डाउनलोड करने के बाद रेल कनेक्ट या यूटीएसओएन मोबाइल एप की मौजूदा यूजर आइडी से लॉगिन किया जा सकता है। ऐप में आर-वॉलेट की सुविधा भी है। इससे यात्रा निरस्त होने पर रिफंड का अनुरोध भी किया जा सकेगा।

■ **हाल ही में असम के उद्यमियों द्वारा विकसित की गई अनोखी बैगलेस टी टेक्नोलोजी को पेटेंट मिल गया है। इस तकनीक को 'कंप्रेस्ड टू होल लीफ टी डिप्स एंड मेथड देयरऑफ' के नाम से 20 साल के लिए पेटेंट मिला हैं। इस तकनीक में पत्तियों के गुच्छे को कपास की एक कली से बांधा जाता है और सीधे कप में डुबोया जाता है।**

■ **हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष/स्पेस ऐजेंसी नासा ने भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री डॉ. अनिल मेनन को पहले अंतरिक्ष स्टेशन मिशन के लिए नियुक्त किया है। मेनन जून, 2026 में अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अपने पहले मिशन पर रवाना होंगे, जिसमें वे फ्लाइट इंजीनियर और एक्सपीडिशन 75 के चालक दल के सदस्य के रूप में काम करेंगे।**

■ **रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) की ओर से जारी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक हर भारतीय पर 4.8 लाख रुपए का कर्ज—**

हाल ही में जारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक भारत के हर व्यक्ति पर औसतन कर्ज बढ़कर 4.80 लाख रुपए हो गया है, जो मार्च 2023 में 3.9 लाख रुपए था। यानी दो साल में ही प्रति व्यक्ति कर्ज में 23% यानी औसतन 90,000 रुपए का इजाफा हुआ है।

होम लोन के साथ नॉन-हाउसिंग रिटेल लोन यानी पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड बकाया में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। यह लोन कुल घरेलू लोन का 54.9% है। यह लोगों की डिस्पोजेबल इनकम यानी खर्च करने योग्य आय का 25.7% है। कुल कर्ज में होम लोन का हिस्सा 29% है। होम लोन में उन लोगों की अधिक हिस्सेदारी है जिन्होंने पहले से लोन लिया हुआ है और दोबारा लोन ले रहे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोन लेना पहले से आसान हो गया है, लेकिन कर्ज का बोझ भी बढ़ रहा है।

**जून, 2025 में देश का जीएसटी कलेक्शन 1.85 लाख करोड़ रुपए रहा—**जून, 2025 में जीएसटी संग्रह 6.2% बढ़कर करीब 1.85 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 1,73,813 करोड़ रुपए था। 1 जुलाई को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जीएसटी संग्रह मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए रहा था घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6% बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4% बढ़कर 45,690 करोड़ रुपए रहा। केन्द्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपए रहा। राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपए रहा। सेस से राजस्व 13,491 करोड़ रुपए रहा। वहीं जून में कुल रिफंड 28.4% बढ़कर 25,491 करोड़ रुपए हो गया। जिससे शुद्ध जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 3.3% बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपए रहा।

■ **सुप्रीम कोर्ट स्टाफ भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण लागू—**

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआइ) बीआर गवई के कार्यकाल में एक अहम निर्णय में सुप्रीम कोर्ट में कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति में अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) के लिए आरक्षण लागू किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण रोस्टर रजिस्टर के आधार पर नियुक्तियाँ होंगी। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन के परिपत्र के अनुसार आदर्श आरक्षण रोस्टर 23 जून से लागू कर दिया गया है।

**इन पदों पर आरक्षण—**वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट सहायक, जूनियर प्रोग्रामर, जूनियर कोर्ट अटेंडेंट, चैंबर अटेंडेंट।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**जजों के लिए नहीं है आरक्षण......**

देश में आरक्षण को लेकर तमाम वहस के बावजूद न्यायपालिका में अधीनस्थ अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट जजों तक की भर्ती में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। जस्टिस केजी बालाकृष्णन के बाद सीजेआइ गवई दूसरे दलित जज हैं जो न्यायपालिका के मुखिया के पद पर पहुँचे हैं।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दी—**

1 जुलाई, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को स्वीकृति दे दी है। एनएसपी 2025 का लक्ष्य भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है। इसके तहत 2036 ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने व अन्य अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियाँ हासिल करने पर फोकस रहेगा। इसे तैयार करने में अलग-अलग मंत्रालयों, राज्य सरकारों, नीति आयोग, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और शीर्ष खिलाड़ियों का सहयोग रहा। नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 का स्थान लेगी।

**खेल नीति के 5 प्रमुख स्तंभ**

- **विश्व स्तर पर खेलों को बढ़ाव देना—**जमीनी स्तर से लेकर उच्चतम स्तर तक खेल कार्यक्रमों को मजबूत करना। प्रतिस्पर्धी लीग और प्रतियोगिताओं की स्थापना को बढ़ावा देना और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल बुनियादी ढांचे का विकास करना।
- **सामाजिक विकास के लिए—**महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, आदिवासी समुदायों और दिव्यांग व्यक्तियों के बीच भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रित कार्यक्रम। स्वदेशी और पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और बढ़ावा देना। खेल को एक कॅरियर विकल्प बनाना।
- **आर्थिक विकास के लिए—**खेल पर्यटन को बढ़ावा देना और भारत में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को आकर्षित करना। खेल निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना व उद्यमिता को बढ़ावा देना।
- **जन आंदोलन के रूप में—**देशव्यापी अभियानों और सामुदायिक-आधारित आयोजनों के माध्यम से जन भागीदारी और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देना। स्कूलों, कॉलेज और कार्यस्थलों के लिए फिटनेस सूचकांक लॉन्च करना।
- **शिक्षा के साथ एकीकरण—**स्कूल पाठ्यक्रम में खेल को एकीकृत करना। खेल शिक्षा और जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करना।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेल नीति 2025 का उद्देश्य भारत को एक अग्रणी खेल राष्ट्र बनने की दिशा में परिवर्तनकारी मार्ग पर स्थापित करना है। इसके तहत भारत के रहने वाले हर इंसान को खेल के प्रति जागरूक किया जाएगा। महिलाओं के भी खेलों में हिस्सा लेने पर जोर दिया जाएगा। इस नई नीति के तहत स्पोर्ट्स लीग के आयोजन को भी बढ़ावा मिलेगा जिससे ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को अवसर मिल सके।

■ **1 जुलाई, 2025 को भारतीय नौसेना के बेड़े में स्टेल्थ युद्धपोत आईएनएस तमाल शामिल हो गया। रूस के कालिनिनग्राद में इसका औपचारिक समावेश हुआ। तमाल, विदेश से आने वाला आखिरी युद्धपोत है। इसके बाद सभी युद्धपोत भारत में ही बनेंगे।**

आईएनएस तमाल रडार की पकड़ में नहीं आता है।
इसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल लगी है।

**विशेषताएँ—**

3000 किमी का सफर एक बार में तय कर सकता है।
26% स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल हुआ है।
55 किमी प्रति घंटा रफ्तार, 3900 टन वजन, 125 मीटर लंबाई

**Newspaper of 3 July, 2025**

■ **शुभांशु ने साइनोबैक्टीरिया पर अहम परीक्षण किए—**

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत साइनोबैक्टीरिया पर महत्त्वपूर्ण प्रयोग किया। इस प्रयोग का उद्देश्य यह जानना तथा कि ये जीव अंतरिक्ष में कैसे बढ़ते और कार्य करते हैं। ये सूक्ष्मजीव भविष्य के जीवन को सपोर्ट करने वाली प्रणालियों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ये लंबी अवधि के मिशनों में हवा-पानी का पुनर्चक्रण करने में मदद कर सकते हैं।

**Newspaper of 5 July, 2025**

■ **आस्था पूनिया होंगी नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट; लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल के साथ प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' से सम्मानित—**

सब-लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया अगले साल भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट बन जाएंगी। उत्तर प्रदेश के मेरठ की रहने वाली आस्था नेवल एविएशन के फाइटर स्ट्रीम के लिए चुनी गई हैं। अब उनकी एक साल की फाइटर ट्रेनिंग होगी। नौसेना में महिलाएँ टोही विमान और हेलिकॉप्टर उड़ाने की जिम्मेदारी निभा रही हैं। आस्था पहली महिला होंगी, जो

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लड़ाकू विमान उड़ाएंगी। आस्था पूनिया को उनके साथी लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल के साथ प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' से सम्मानित किया गया । पूनिया की उपलब्धि भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और लैंगिक समानता की दिशा में अहम कदम है।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को त्रिनिनाद और टोबैको के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ ट्रिनिडाड एंड टोबैको' से सम्मानित किया गया—**

4 जुलाई, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ट्रिनिडाड और टोबैगो की यात्रा पर पहुँचे। जहाँ उनका राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पर पीएम कमला परसाद-बिसेसर और उनके 38 मंत्रियों और चार सांसदों ने स्वागत किया। पीएम मोदी को यहाँ त्रिनिदाद और टोबैगो के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ ट्रिनिडाड एंड टोबेगो' से भी सम्मानित किया गया।

**Newspaper of 6 July, 2025**

■ **दुबई के अबूधाबी में चालक रहित एयर टैक्सी का सफल उड़ान परीक्षण किया गया—**

हाल ही में यूएई की राजधानी अबूधाबी में दुनिया की पहली ड्राइवरलेस एयर टैक्सी का सफल परीक्षण किया है। यह दुनिया में भविष्य के परिवहन की नई तस्वीर है। यह परीक्षण अमेरिका की आर्चर एविएशन कंपनी ने किया। मिडनाइट ईवीटीओएल (इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग) कार बनाने वाली आर्चर एविएशन ने दुबई के अल बातेन एयरपोर्ट पर इसका सफल उड़ान परीक्षण किया। इसका मतलब है कि यह एयर टैक्सी बिना किसी ड्राइवर के खुद ही उड़ सकती है और उतर सकती है। 2026 में इसे लॉन्च किया जा सकता है।

**क्या होगा फायदा—**यह न सिर्फ शहर को भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम से बचाएगी, बल्कि पर्वतारोहियों के लिए कम समय में आपताकालीन सेवाएँ उपलब्ध करवाएगी। साथ ही ऐसे तंग और दुर्गम रास्तों में उड़ सकेंगी, जहाँ हेलीकॉप्टर नहीं जा सकते।

**ऐसी है फ्लाइंग टैक्सी—**ड्राइवरलेस फ्लाइंग कार का परीक्षण अत्यधिक गर्मी, आर्द्रता जैसी मौसमी प्रतिकूलाताओं के बीच किया गया। आर्चर की यह कार पूरी तरह से इलेक्ट्रिक और कार्बन उत्सर्जन मुक्त है। इसे छोटी दूरी की शहरी यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो आमतौर पर एयरपोर्ट और शहर के बीच की यात्राओं के लिए उपयोगी होगी।

■ **विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत आय समानता में चौथे नंबर पर, चीन और अमेरिका भी पीछे—**

हाल ही में जारी विश्व बैंक रिपोर्ट के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत 25.5 के गिनी इंडेक्स के साथ आय समानता में वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। इस सूचकांक में केवल स्लोवाक रिपब्लिक, स्लोवेनिया और बेलारूस भारत से आगे हैं।

गिनी इंडेक्स 0 से 100 के पैमाने पर आय वितरण को मापता है, जहाँ 0 पूर्ण समानता और 100 अत्यधिक असमानता को दर्शाता है। भारत का प्रदर्शन चीन (35.7), अमेरिका (41.8) और सभी जी7 व जी20 देशों की तुलना में बेहतर रहा है।

विश्व बैंक की 'स्प्रिंग 2025 पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' के अनुसार, 2011 से 2023 के बीच करीब 17.1 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं। इस दौरान गरीबी दर 16.2% से घटकर मात्र 2.3% रह गई है। यह गिरावट वैश्विक गरीबी रेखा 2.15 डॉलर प्रतिदिन के आधार पर आंकी गई है।

■ **केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय (त्रिभुवन विश्वविद्यालय) का शिलान्यास किया—**

5 जुलाई, 2025 को केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आणंद में देश के पहले सहकारी विश्वविद्यालय, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। यह विश्वविद्यालय तकनीकी कौशल, लेखा कौशल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सहकारी मूल्यों को सिखाएगा।

**कौन थे त्रिभुवन दास.....**

त्रिभुवन दास ने आजादी से पहले पॉल्सन डेयरी के अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने 1946 में खेड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की स्थापना की थी, जो आज दुनिया का टॉप अमूल ब्रांड बन चुका है।

त्रिभुवन विश्वविद्यालय की प्रमुखताएँ—

- नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देगा,
- पीएचडी, प्रबंधकीय स्तर पर डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र देगा।
- यूनिवर्सिटी अन्य राज्यों में विषय विशेष स्कूल स्थापित करेगी।
- सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता को मानकीकृत करने के राष्ट्रीय नेटवर्क बनाएगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- अगले चार वर्ष में 200 से अधिक मौजूदा सहकारी संस्थानों को साथ जोड़ेंगे।
- सहकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण और दक्षता विकास।

■ **ग्राहक संतुष्टि सर्वे में में भोपाल, उदयपुर, खजुराहो एयरपोर्ट टॉप पर रहे—**

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआइ) के जनवरी-जून 2025 के ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में देशभर के 60 एयरपोर्ट पर नागरिक सुविधाओं और सेवाओं पर ग्राहकों के निरंतर फीडबैक के आधार पर रैंकिंग तय की गई है। जिसमें भोपाल, उदयपुर तथा खजुराहो एयरपोर्ट टॉप पर रहे हैं। भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे ने 14 पायदान की छलांग लगाकर पहला स्थान हासिल किया है।

**33 पहलुओं पर सर्वे :** सर्वेक्षण में एयरपोर्ट सेवा के 33 अलग-अलग पहलुओं को देखा गया, जिसमें पार्किंग, ग्राउंड ट्रांसपोर्ट, बैगेज कार्ट और कर्मचारियों का व्यवहार शामिल है। सर्वे में शामिल असम का रूपसी एयरपोर्ट 2.65 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर रहा।

**टॉप 6 एयरपोर्ट—**

| एयरपोर्ट | अंक |
|---|---|
| भोपाल | 5.00 |
| उदयपुर | 5.00 |
| खजुराहो | 5.00 |
| गया | 4.99 |
| जम्मू | 4.98 |
| विजयवाड़ा | 4.98 |

**Newspaper of 7 July, 2025**

■ **त्रिपुरा पूर्ण साक्षर राज्य बना; इससे पूर्व मिजोरम-गोवा पूर्ण साक्षर राज्य बन चुके—**

त्रिपुरा के 2,228 युवाओं ने बिना वेतन और बिना प्रचार के त्रिपुरा को देश का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य बना दिया। उन्होंने गाँव-गाँव में अशिक्षितों की पहचान की, फिर उनकी सहूलियत के हिसाब से पढ़ाना शुरू किया। पढ़ाई का माध्यम बांग्ला, कोकबोरोक व अंग्रेजी बनी। हालाम व रियांग जनजातीय भाषाओं में भी कंटेट तैयार किया। ऑडियो-विजुअल का इस्तेमाल किया। दीक्षा पोर्टल व वाट्सएप से ये युवा अपने विद्यार्थियों से जुड़े रहे। राज्य साक्षरता मिशन के नोडल अधिकारी सिद्धार्थ शंकर रॉय कहतें हैं—त्रिपुरा का पूर्ण साक्षर होना जनभागीदारी पर आधारित जीवंत प्रक्रिया थी। सरकार ने भी प्रदेश भर में 9000 साक्षरता केन्द्र बनाए। 2022 से नव भारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास को भी राज्य प्राथमिकता में शामिल किया गया। तब 23 जून को त्रिपुरा के पूर्ण साक्षर राज्य होने की घोषणा हुई। 2011 की जनगणना के अनुसार 87.22% लोग साक्षर थे। अब 95.6% हैं। नए मानकों के अनुसार, 95% से ज्यादा लोगों के साक्षर होने पर राज्य को पूर्ण साक्षर मान लिया जाता है।

इस पहल से जुड़े 2228 वॉलेंटियर्स में शिक्षक, उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, रिटायर्ड कर्मचारी, पंचायत सदस्य और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ शामिल थीं।

**Newspaper of 8 July, 2025**

■ **दक्षिणी अमेरिकी देश सूरीनाम में पहली बार महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं। 6 जुलाई, 2025 को संसद ने दो तिहाई बहुमत से डॉ. जेनिफर बोर्लिंग्स-सिमंस को संकटग्रस्त देश की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में चुना। जेनिफर ने 16 जुलाई को राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।**

**Newspaper of 9 July, 2025**

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से नवाजा गया—**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी के ब्राजील दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने अल्वोराडा पैलेस में गर्मजोशी से मोदी का स्वागत किया। उन्हें 114 घोड़ों की सलामी और गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। भारत और ब्राजील के राष्ट्रगान बजाए गए। प्रधानमंत्री मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया गया। इससे पहले एयरपोर्ट पर मोदी का स्वागत 'बाटाला मुंडो' बैंड की पारंपरिक अफ्रो-ब्राजीलियाई धुनों के साथ हुआ। होटल में भारतीय प्रवासी समुदाय की उपस्थिति में पारंपरिक ब्राजीलियाई सांबा रेगे और भारतीय शिव ताडंव स्तोत्र तथा शास्त्रीय नृत्य की समन्वित प्रस्तुति से उनका स्वागत किया गया।

**विशेष उपहार : समृद्ध संस्कृति के प्रतीक—**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली को राजस्थान की प्रसिद्ध धातुकर्म और रत्न कला के प्रतीक के रूप में चांदी का शेर और उपराष्ट्रपति विक्टोरिया विलारुएल को

बिहार की मधुबनी पेंटिंग भेंट की। उन्होंने त्रिनिदाद एंड टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को सरयू नदी के पवित्र जल से भरा कलश और अयोध्या राम मंदिर की चाँदी की प्रतिकृति उपहार स्वरूप दी।

■ **डीआरडीओ ने एडवांस्ड स्वदेशी रॉकेट का सफल परीक्षण किया—**

भारत ने अपनी समुद्री रक्षा क्षमताओं को मजबूत करते हुए आइएनएस कवरत्ती से देश में ही विकसित नया 'विस्तारित रेंज एंटी-सबमरीन रॉकेट' (ईआरएएसआर) का सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा कर लिया है। ये परीक्षण 23 जून से 7 जुलाई के बीच किए गए। यह रॉकेट जल्द ही नौसेना में शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ईआरएएसआरको डीआरडीओ के पुणे स्थित आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) द्वारा उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला और नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है।

**ईआरएएसआर की विशेषताएँ—**

- नौसेना के जहाजों से स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर से दाग सकते हैं।
- दोहरी रॉकेट मोटर संरचना से व्यापक रेंज, सटीक निशाना।
- स्वदेशी विकसित इलेक्ट्रॉनिक टाइम फ्यूज से बेहतर परिचालन दक्षता।

## Newspaper of 10 July, 2025

■ **भारत में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को कमर्शियल संचालन शुरू करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केन्द्र (इन-स्पेस) से फाइनल रेगुलेटरी मंजूरी मिल गई है। स्टारलिंक 2022 से भारत में लाइसेंस हासिल करने की कोशिश कर रही थी। अब स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट शुरू करने से पहले सरकार से स्पेक्ट्रम अलॉटमेंट लेना होगा।**

■ **हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधिकारिक यात्रा पर नामीबिया पहुँचे। वहाँ की राष्ट्रपति नंदी-नदैतवाह ने प्रधानमंत्री मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान-'ऑर्डर ऑफ द मोस्टएन्शिएंट वेल्विचिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नामीबिया की संसद को भी संबोधित किया।**

## Newspaper of 11 July, 2025

■ **गणेशोत्सव अब महाराष्ट्र का राज्य उत्सव होगा। यह घोषणा संस्कृति मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने महाराष्ट्र विधानसभा में की। उनके अनुसार महाराष्ट्र में सामूहिक गणेशोत्सव की शुरुआत 1893 ई. में लोकमान्य तिलक ने की थी। यह उत्सव सामाजिक, राष्ट्रीय, भाषाई गौरव से गहराई से जुड़ा है। यह आज भी उस भावना से जारी है।**

## Newspaper of 12 July, 2025

■ **हाल ही में वायुसेना व डीआरडीओ ने स्वदेशी 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया। ओडिशा तट से सुखोई-30 एम के-1 विमान से किए गए दो परीक्षणों में मिसाइल ने तेज रफ्तार मानव रहित लक्ष्यों को सटीक निशाना बनाया। अब स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर से लैस 100 किलोमीटर से अधिक की मारक क्षमता वाली 'अस्त्र' में आधुनिक नेविगेशन प्रणाली लगी है।**

■ **इलेक्ट्रिक ट्रक की खरीद पर ₹ 9.60 लाख तक की सब्सिडी मिलेगी—**

11 जुलाई, 2025 को केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद पर ग्राहकों को 9.60 लाख रुपए तक की सब्सिडी देने की योजना शुरू कर दी।

भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि इस योजना के तहत 10,900 करोड़ रुपए के बजट में से 500 करोड़ रुपए इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। बंदरगाह, लॉजिस्टिक, सीमेंट और इस्पात सहित अन्य उद्योग इस योजना के प्रमुख लाभार्थी होंगे। इसके तहत 5600 इलेक्ट्रिक ट्रकों को समर्थन देने की योजना है।

**5 साल होगी बैटरी की वारंटी—**यह प्रोत्साहन खरीद मूल्य में एकमुश्त कटौती के रूप में प्रदान किया जाएगा और मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को पीएम ई-ड्राइव मंच के माध्यम से 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा। इलेक्ट्रिक ट्रकों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए ऑटोमोबाइल कंपनी वारंटी प्रदान करेंगे। इसमें बैटरी के लिए 5 साल या पाँच लाख किलोमीटर की वारंटी शामिल होगी, जबकि वाहन और मोटर के लिए वारंटी 5 साल या 2.5 लाख किलोमीटर (जो भी पहले हो) होगी।

## Newspaper of 13 July, 2025

■ **हाल ही में प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट विम्बलडन के 138वें संस्करण का महिला सिंगल्स कैटेगरी का खिताब पोलैंड की इगा स्वातेक (35) ने जीता। उन्होंने फाइनल में**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से एकतरफा हराया। यह स्वातेक का पहला विम्बलडन खिताब है और वे यह ट्रॉफी जीतने वाली 53वीं खिलाड़ी हैं। लगातार 8वें सीजन में वीमेंस सिंग्ल्स कैटेगरी का टाइटल किसी नई खिलाड़ी ने जीता है।**

■ **दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने दो बार के चैंपियन स्पेनिश खिलड़ी कार्लोस अल्कारेज को शिकस्त देकर करियर का पहला विंबलडन खिताब जीता—**

दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने इतिहास रचते हुए अपने करियर का पहला विंबलडन खिताब जीता। इसके साथ ही सिनर यहाँ चेंपियन बनने वाले इटली के पहल पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर ने यहाँ खेले गए पुरुष एकल के फाइनल में लगातार दो बार के चैंपियन स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। चैंपियन जेनिक सिनर को 35.15 करोड़ रुपये मिले।

## Newspaper of 14 July, 2025

■ **राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने चार सदस्यों को/हस्तियों को राज्यसभा सदस्य के लिए नामित किया—**

अनुच्छेद 80 के तहत राष्ट्रपति 12 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए नामित कर सकते हैं। इस बार चार सीटें खाली थीं, जिन्हें भरने के लिए ये नामांकन किए गए हैं।

- **उज्ज्वल निकम** 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के विशेष सरकारी वकील।
- **सी सदानंदन मास्टर,** केरल के भाजपा नेता व शिक्षक, दोनों पैर गंवा चुके।
- **हर्षवर्धन श्रृंगला** विदेश नीति के अनुभवी रणनीतिकार माने जाते हैं।
- **डॉ. मीनाक्षी जैन** इतिहासकार, साल 2020 में पद्म श्री से सम्मानित हुईं।

## Newspaper of 15 July, 2025

■ **यूपीआइ (UPI) दुनिया का टॉप रियल टाइम पेमेंट सिस्टम बना—**

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) अब दुनिया का टॉप रियल टाइम पेमेंट सिस्टम बन गया है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 65.02 करोड़ डेली ट्रांजैक्शन के साथ यूपीआइ ने वीजा को भी पीछे छोड़ दिया है। वीजा के लिए यह आंकड़ा 63.9 करोड़ दर्ज किया गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत का डिजिटल पावरहाउस यूपीआइ दुनियाभर में रियल टाइम पेमेंट सिस्टम को लेकर पहले पायदान पर पहुँच चुका है।

**यूपीआइ का सिर्फ 7 देशों में इस्तेमाल—**यूपीआइ का इस्तेमाल वर्तमान में 7 देशों में होता है, जिनमें सिंगापुर, यूएई, फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस शामिल हैं। जबकि वीजा का इस्तेमाल 60 से भी अधिक देशों में होता है।

■ हाल ही में पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री आंन्ध्रप्रदेश के पी अशोक गजपति राजू गोवा के नए राज्यपाल बनाए गए हैं। वे मौजूदा राज्यपाल पीएम श्रीधरन पिल्लई की जगह लेंगे। जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया एलजी बनाया गया है। वे लद्दाख के मौजूदा उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बी.डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) की जगह लेंगे। पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा नेता असीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

## Newspaper of 16 July, 2025

■ **डीआरडीओ और तेलंगाना के एम्स-बीबीनगर ने मिलकर देश का पहला 'कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस' (नकली पैर) तैयार किया; 125 किलो तक भार सहन करने में सक्षम—**

हाल ही में डीआरडीओ और तेलंगाना के एम्स-बीबीनगर ने मिलकर देश का पहला 'कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस' (नकली पैर) तैयार किया है। यह 125 किलो तक भार सहन कर सकता है। इसकी कीमत 20,000 रुपए से कम होने के आसार हैं। अब तक कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस विदेश से मंगाए जाते थे, जो काफी महंगे (लागत 2 लाख रुपये) हैं। स्वदेशी मॉडल किफायती होने से कमजोर वर्गों के दिव्यांगों की पहुँच में होगा।

नया पैर विदेशी मॉडल जितनी ही अच्छी गुणवत्ता वाला है। इसे डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) के निदेशक जी.ए. श्रीनिवास मूर्ति और एम्स-बिबिनगर के कार्यकारी निदेशक डॉ. ए. संता सिंह ने लॉन्च किया। इसकी वजन सहने की क्षमता का बायोमैकेनिकल टेस्ट किया गया।

**रबर से बने जयपुर फुट से काफी अलग—**'कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस' पहले से प्रचलित जयपुर फुट से अलग है। जयपुर फुट रबर आधारित कृत्रिम पैर है। इसे 1969 में जयपुर के डॉ. प्रमोद करण सेठी व रामचंद्र शर्मा ने बनाया था। 'कार्बन फाइबर फुट प्रोस्थेसिस' उन्नत कार्बन फाइबर सामग्री

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

से बना है, जो हल्की टिकाऊ व लचीली होती है। इसे भारतीय जीवनशैली के हिसाब से डिजाइन किया गया।

■ **भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री सफल मिशन के साथ 20 दिन बाद ISS से पृथ्वी पर लौटे—**

हाल ही में भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्री सफल मिशन के साथ 20 दिन बाद ISS से लौटे हैं। शुभांशु शुक्ला अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर पहुँचने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री बने हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर उनके अनुभव मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण व अंततः चंद्रमा पर भारतीयों को भेजने के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य की दिशा में काफी सहायक होगा। वे राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय बने हैं।

**शुभांशु शुक्ला के ISS पर किए गए प्रयोग—**

आइएसएस पर गुजारे 18 दिन के दौरान शुभांशु ने सभी पूर्व निर्धारित 7 प्रयोगों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इन प्रयोगों की सफलता से न सिर्फ भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों को नई दिशा मिलेगी, बल्कि धरती पर दवाओं के विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा। शुभांशु के प्रयोगों की अब देश के शीर्ष प्रयोगशालाओं में समीक्षा होगी।

- **टार्डिग्रेड्स**—अपनी जीवटता के लिए मशहूर सूक्ष्म जीव के अस्तित्व, पुनरुत्थान व प्रजनन व्यवहार पर केन्द्रित प्रयोग से यह समझने में मदद मिलेगी कि कठिन परिस्थितियों में ये कैसे जीवित रहते हैं। इसका लाभ धरती पर दवाओं के विकास और अंतरिक्ष की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खुद को बचाने में काम आएगा।
- **मायोजेनेसिस**—सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण कैसे मांसपेशियों को कमजोर करता है और कंकाल की मांसपेशियों के शिथिल होने के पीछे कौन से आणविक तत्व जिम्मेदार हैं। अंतरिक्ष में लागू उपाय पृथ्वी पर बुढ़ापे में मांसपेशियों के कमजोर होने पर काम आ सकेंगे। दवाएँ बनाई जा सकेंगी।
- **मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण**—लंबे अंतरिक्ष मिशनों या चंद्रमा पर मानव मिशन के दौरान यात्रियों के पोषण का विकल्प। साथ ही, ऑक्सीजन की कमी पूरा करने का एक जरिया।
- **साइनोबैक्टीरिया**—दो उपभेदों की तुलनात्मक वृद्धि के अध्ययन से जीवन को सपोर्ट करने वाली प्रणालियों के बारे में जानकारी। लंबी अवधि के मिशनों में हवा और पानी को रीसायकल करने में मददगार।
- **सूक्ष्म शैवालों पर प्रयोग**—अंतरिक्ष में भोजन का विकल्प। अंतरिक्ष की परिस्थितियाँ शैवालों के विकास व आनुवंशिक गतिविधियों को कैसे प्रभावित करती हैं।
- **फसल बीज**—अंतरिक्ष में बीजों के अंकुरित होने की जांच। खाने योग्य फसलों के बीजों में वृद्धि व उपज मापदंडों पर सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का अध्ययन। अंतरिक्ष के साथ धरती पर खेती के लिए उपयोगी।
- **वॉयजर डिस्प्ले**—सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले का आँख-हाथ समन्वय, संकेत देने की क्षमता और डिजिटल स्क्रीन से जुड़ी समस्याओं पर प्रयोग।

## Newspaper of 17 July, 2025

■ **उत्तरप्रदेश विधानसभा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)** आधारित निगरानी सिस्टम स्थापित किया जाएगा। यह संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और विधायकों की गतिविधियों पर नजर रखने में सक्षम होगा। इस तरह का सिस्टम लागू करने वाली देश की यह पहली विधानसभा होगी। AI सिस्टम परिसर के हर हिस्से पर नजर रखेगा और सभी गतिविधियों की रिकॉर्डिंग करेगा।

■ **भारतीय सेना ने डीआरडीओ के सहयोग से लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्वदेशी 'आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम' का सफल परीक्षण किया—**

हाल ही में भारतीय सेना ने डीआरडीओ के सहयोग से लद्दाख में 15000 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्वदेशी 'आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम' का सफल परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने तेज गति से उड़ते दो लक्ष्यों को सीधे निशाना बनाया।

यह प्रणाली ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीनी विमानों और तुर्किए के ड्रोनों के खिलाफ बहुत कारगर साबित हुई थी। अब यह सिस्टम भारतीय सेना की तीसरी और चौथी रेजिमेंट में शामिल किया जाएगा, जिससे ऊँचाई वाले क्षेत्रों में सेना की ताकत बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि आकाश एयर डिफेंस सिस्टम मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली है। यह एकसाथ कई हवाई लक्ष्यों को पहचानकर उन पर हमला करने में सक्षम है। आधुनिक सेंसर और रियल-टाइम डेटा प्रोसेसिंग से लैस यह सिस्टम पाकिस्तान सीमा के पास बड़ी संख्या में तैनात किया गया है, जिससे भारत की वायु सुरक्षा और सशक्त हुई।

■ **केन्द्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की मंजूरी दी; 100 जिलों के 1.7 करोड़ किसानों को होगा लाभ—**

16 जुलाई, 2025 को केन्द्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत

सरकार हर साल 24000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। केन्द्रीय बजट के दौरान इस योजना की घोषणा की गई थी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक चलेगी। इसके तहत देश के 100 कम कृषि उत्पादन वाले जिलों के किसानों को विशेष सुविधाएँ दी जाएंगी। इसमें 1.7 करोड़ किसानों को लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं को मिलाया जाएगा। इसका मकसद इन जिलों में ज्यादा उत्पादन, फसल विविधता, सिंचाई सुविधा में सुधार, आधुनिक भंडारण और किसान को किफायती कर्ज देना है। कैबिनेट ने एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआइआरएल में 7000 करोड़ रुपए निवेश करने की अनुमति दे दी। वहीं एनटीपीसी को अपनी स्वच्छ ऊर्जा सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में निवेश के लिए 20000 करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी। यह निर्णय पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की ओर से लिया गया।

■ **भारत ने 50% स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य तय समय से पाँच साल पहले हासिल किया; पेरिस समझौते के तहत 2030 तक का था टारगेट—**

हाल ही में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश में अब कुल क्षमता की 50% से ज्यादा बिली गैर-जीवाश्म ईंधन से उत्पादित हो रही है। पेरिस जलवायु समझौते में वर्ष 2030 तक के लिए यह लक्ष्य तय किया गया था। भारत ने इसे 5 साल पहले ही हासिल कर लिया है। अभी देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 484.8 गीगावॉट है। इसमें से 242.8 गीगावॉट (50.1%) बिजली हाइड्रो, सोलर, विंड, बायो और न्यूक्लियर जैसे गैर जीवाश्म ईंधन स्रोतों से मिल रही है। 49.92% बिजली थर्मल पावर प्लांट्स में कोयले जैसे ईंधन से बन रही है।

उल्लेखनीय है कि भारत से पहले यूरोपीय संघ, यूके, जर्मनी और स्वीडन सहित करीब 10 देश भी यह लक्ष्य हासिल कर चुके हैं।

**पिछले एक दशक में 25% क्षमता जोड़ी—**

| वर्ष | कुल क्षमता | रिन्यूएबल+ हाइड्रो+एटॉमिक | हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| 1995 | 92 गीगावॉट | 21 गीगावॉट | 23% |
| 2005 | 146 गीगावॉट | 35 गीगावॉट | 24% |
| 2015 | 305 गीगावॉट | 76 गीगावॉट | 25% |
| 2025 | 484.8 गीगावॉट | 242.8 गीगावॉट | 50.08% |

■ **देश का पहला ट्राइबल जीनोम प्रोजेक्ट गुजरात में शुरू हुआ—**

हाल ही में गुजरात ने देश के पहले ट्राइबल जीनोम सीक्वेंसिंग प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिसे गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर लागू करेगा।

- **क्या है गुजरात का ट्राइबल जीनोम प्रोजेक्ट?**
  इस प्रोजेक्ट में गुजरात के 17 जिलों के 2000 आदिवासी लोगों का जीनोम सीक्वेंस किया जाएगा। इसका उद्देश्य इन समुदायों में आनुवंशिक बीमारियों की पहचान और उपचार के लिए एक रेफरेंस डाटाबेस तैयार करना है। जल्द ही ग्राउंड लेवल पर सैंपल कलेक्शन शुरू किया जाएगा। अत्याधुनिक लैब, डेटा एनालिसिस और विशेषज्ञ टीम इस कार्य को अंजाम देंगी।
- **इससे आदिवासी समुदायों को क्या लाभ मिलेगा?**
  इससे आनुवंशिक बीमारियों जैसे सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया और कुछ कैंसर की पहले पहचान संभव होगी। इसके अलावा, प्राकृतिक रोग प्रतिरोधिकता वाले जीन की भी पहचान होगी और इलाज को व्यक्ति विशेष के हिसाब से अनुकूल बनाया जा सकेगा।
- **यह प्रोजेक्ट देश के लिए खास कैसे है?**
  दरअसल, देश की आदिवासी आबादी के लिए अब तक कोई व्यापक जीनोमिक डाटाबेस नहीं था। यह परियोजना इस खाई को भरने का काम करेगी और आगे नीति निर्माण व अनुसंधान के लिए अहम आधार बनेगी।
- **क्या यह भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर लागू होगा?**
  यदि यह प्रोजेक्ट सफल होता है, तो यह एक मॉडल बन सकता है जिसे अन्य राज्यों और केन्द्र सरकार द्वारा अपनाया जा सकता है, जिससे पूरे देश के आदिवासी समुदायों को लाभ मिल सकता है।

**Newspaper of 18 July, 2025**

■ **स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में इंदौर ने आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता; जयपुर ग्रेटर 16वें और जयपुर हेरिटेज 20वें नंबर पर रहा—**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में इंदौर ने आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता है। इस बार असाधारण प्रदर्शन के लिए लॉन्च की गई नई 'सुपर स्वच्छ लीग' में 23 शहर शामिल किए गए। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इंदौर के बाद सूरत दूसरा और नवी मुंबई तीसरा रहा। 'स्वच्छ शहर' श्रेणी में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में अहमदाबाद पहले स्थान पर रहा। भोपाल दूसरे, लखनऊ तीसरे स्थान पर रहा। जयपुर ग्रेटर को 16वीं ओर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

जयपुर हैरिटेज को 20वीं रैंक मिली। डूँगरपुर को 'सुपर स्वच्छ लीग' श्रेणी में सम्मानित किया गया। इसके अलावा 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहर में उदयपुर को 13वीं, बीकानेर को 48वीं, जोधपुर नॉर्थ को 56वीं और साउथ को 63वीं रैंक मिली है। इस वर्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार श्रेणियों में 78 अवॉर्ड प्रदान किए।

**सुपर स्वच्छ लीग में टॉप**

| **10 लाख से अधिक** | **3-10 लाख** |
|---|---|
| 1. इदौर | 1. नोएडा |
| 2. सूरत | 2. चंडीगढ़ |
| 3. नवी मुंबई | 3. मैसूर |
| 4. विजयवाड़ा | 4. उज्जैन |

**स्वच्छ शहर श्रेणी में टॉप**

| **10 लाख से अधिक** | **3-10 लाख** |
|---|---|
| 1. अहमदाबाद | 1. मीरा-भायंदर |
| 2. भोपाल | 2. बिलासपुर |
| 3. लखनऊ | 3. जमशेदपुर |

**34 प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर :** 'वन सिटी, वन अवॉर्ड' नीति के तहत हर राज्य और केन्द्र शासित क्षेत्रों से एक-एक 34 टॉप शहर को 'प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहरों' का खिताब मिला है। इसमें पटना, रायपुर, वडोदरा, सोनीपत, ग्वालियर, जयपुर ग्रेटर, बठिंडा, पिंपरी, चिंचवड़ आदि शामिल हैं।

प्रयागराज को 'सर्वश्रेष्ठ गंगा टाउन' घोषित किया गया। सिंकदराबाद छावनी बोर्ड को सबसे स्वच्छ छावनी क्षेत्र चुना गया। विशाखापत्तनम को श्रेष्ठ सफाई मित्र सुरक्षित शहर का खिताब दिया गया है।

**महाकुम्भ को स्पेशल अवार्ड**—उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और नगर निगम को महाकुम्भ 2024 के दौरान शानदार कचरा प्रबंधन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया।

**इदौर इसलिए बना मॉडल, सोर्स सेग्रिगेशन में सूरत में ज्यादा नंबर**—स्वच्छ भारत स्कोर कार्ड में 'सोर्स सेग्रिगेशन' में इंदौर बहुत आगे रहा। इंदौर ने 98% अंक हासिल किए, जबकि सूरत को 92% अंक ही मिले। 35 लाख से अधिक आबादी वाले शहर में नगर निगम 6 लाख घरों से नियमित कचरा संग्रहण कर रहा है। इस काम में 7500 सफाईकर्मी और 1700 से अधिक गाड़ियाँ लगी हैं। इनमें 575 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन शामिल हैं। वर्ष 2018 में पहली बार गीला और सूखा कचरा अलग किया गया। 2020 से छह तरह का कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजेबल प्लेट का इस्तेमाल बंद किया। सड़कों से आवारा मवेशी हटाए गए।

## Newspaper of 19 July, 2025

■ 18 जुलाई, 2025 को विखाखापत्तनम में आईएनएस निस्तार युद्धपोत भारतीय सेना में शामिल किया गया। यह भारत का पहला पूर्णत: स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) है। इसे हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने निर्मित किया है।

**आईएनएस निस्तार की खासियत—**

- वजन—10500 टन
- लंबाई—120 मीटर
- 300 मीटर तक सैचुरेशन डाइविंग व रेस्क्यू ऑपरेशन में सक्षम
- निर्माण में 120 एमएसएमई की भागीदारी है। इसमें 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है।

## Newspaper of 20 July, 2025

■ **भारत में तैयार हुआ मलेरिया का पहला स्वदेशी टीका, एक दशक तक करेगा सुरक्षा—**

भारतीय वैज्ञानिकों ने मलेरिया के खिलाफ पहला स्वदेशी टीका तैयार कर लिया है। यह टीका एक दशक से ज्यादा समय तक मलेरिया से सुरक्षा प्रदान कर सकेगा। टीके के उत्पादन के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आइसीएमआर) ने निजी कंपनियों के साथ समझौते की तैयारी शुरू कर दी है।

आइसीएमआर के मुताबिक मलेरिया के नए टीके को फिलहाल एडफाल्सीवैक्स नाम दिया है, जो मलेरिया परजीवी प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के खिलाफ पूरी तरह असरदार है। इसे आइसीएमआर और भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र (आरएमआरसी) के शोधकर्त्ताओं ने मिलकर तैयार किया है। नया टीका मानव संक्रमण को रोक सका है। एडफाल्सीवैक्स में पीएफएस-230 और पीएफएस 48/15 प्रोटीन का एक मिश्रण है। यह संक्रमण रोकने वाले मजबूत एंटीबॉडी बनता है। इस टीके से मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। एडफाल्सीवैक्स की फार्मास्युटिकल स्टेबिलिटी बेहद खास है। यह फॉर्मूला कमरे के तापमान पर नौ माह से ज्यादा समय तक प्रभावी रहता है, जिससे महंगी कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स की जरूरत खत्म हो जाती है। इसके कारण यह दूरदराज के क्षेत्रों में भी प्रभावी साबित होगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 21 July, 2025

■ **'सबसे छोटे नागरिक योद्धा' की पढ़ाई का खर्चा उठाएगी सेना; ऑपरेशन सिंदूर के दौरान श्रवण ने की थी सैनिकों की मदद—**

भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशप्रेम की भावना से सैनिकों की मदद करने वाले 10 साल के श्रवण सिंह की शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगी। छावनी में एक समारोह में पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने बालक श्रवण सिंह को सम्मानित करते हुए यह घोषणा की।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक सीमा के पास पंजाब के तारा वाली गांव में मई में भीषण गर्मी के बीच किसान सोना सिंह के बेटे श्रवण सिंह ने खेतों में तैनात सैनिकों का निडरता से समर्थन किया और उन्हें स्वतः स्फूर्त तरीके से प्रतिदिन पानी, दूध, लस्सी और चाय उपलब्ध कराई। सेना पहले ही उसे ऑपरेशन सिंदूर का सबसे छोटा नागरिक योद्धा घोषित कर चुकी है। भारतीय सेना का गोल्डन एरो डिवीजन श्रवण की स्कूली शिक्षा में प्रवेश से लेकर शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए जरूरी मदद व संसाधन देगा। यह पहल न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा करने, बल्कि इसके भविष्य को संवारने के सेना के वादे का प्रमाण है।

■ **आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार सबसे तेज पेमेंट में भारत शीर्ष पर, देश में हर महीने 1800 करोड़ ट्रांजेक्शन; जून, 2025 में 1839 करोड़ यूपीआई ट्रांजैक्शन—**

भारत सबसे तेजी से पेमेंट करने वाला दुनिया का अग्रणी देश बन गया है। इसका सबसे बड़ा श्रेय यूपीआई को जाता है, जो हर महीने 1800 करोड़ से ज्यादा लेन-देन करता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई ट्रांजेक्शन के चलते भारत नकदी और कार्ड आधारित भुगतान से बहुत आगे निकल गया है और तेजी से डिजिटल-फर्स्ट इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2025 में यूपीआई से 1839 करोड़ ट्रांजैक्शन के जरिए 24.03 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

पिछले साल जून में यह आँकड़ा 1388 करोड़ ट्रांजैक्शन था। यानी एक साल में 32% की बढ़ोतरी हुई। देश में यूपीआई से 49.1 करोड़ से ज्यादा लोग और 65 लाख व्यापारी जुड़े हैं। यह भारत के कुल डिजिटल पेमेंट का 85% हिस्सा बन चुका है और दुनिया के कुल रियल टाइम डिजिटल पेमेंट्स में लगभग 50% योगदान देता है।

## Newspaper of 22 July, 2025

■ **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दिया—**

21 जुलाई, 2025 को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे इस्तीफे में स्वास्थ्य कारणों को पद छोड़ने की वजह बताया है। राष्ट्रपति को भेजे अपने त्याग पत्र में धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और चिकित्सा सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(A) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूँ।

**दो साल का कार्यकाल था बाकी**—मूलतः राजस्थान के निवासी धनखड़ ने 11 अगस्त, 2022 को उपराष्ट्रपति का कार्यभार संभाला था और उनका करीब दो साल का कार्यकाल अभी बाकी था। 74 वर्षीय धनखड़ देश के पहले उपराष्ट्रपति हैं जिन्होंने कार्यकाल पूरा किए बिना निजी कारणों से पद छोड़ा।

■ **नौसेना के एंटी-सबमरीन क्राफ्ट 'अजय' का जलावतरण, बढ़ेगी समुद्री सुरक्षा—**

युद्धपोत निर्माता गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने देश में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने और भारतीय नौसेना को सशक्त बनाने के लिए पनडुब्बी रोधी युद्ध शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) की श्रृंखला में आठवां और अंतिम जहाज देश को समर्पित किया।

'अजय' को भारतीय नौसेना के सामग्री प्रमुख वाइस एडमिरल किरण देशमुख की पत्नी प्रिया देशमुख ने कोलकाता से समुद्र में उतारा। यह जहाज अतीत को वर्तमान में जोड़ता है। गौरतलब है कि आइएनएस अजय ने घरेलू रक्षा जहाज निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था, जो 1961 में जीआरएसई द्वारा निर्मित भारत का पहला स्वदेशी युद्धपोत था। 'अजय' का प्रक्षेपण इस श्रृंखला के सातवें पोत 'अभय' के प्रक्षेपण के नौ महीने से भी कम समय बाद हुआ था। यह युद्धपोतों की आपूर्ति समय पर बनाए रखने के लिए जीआरएसई के प्रयासों को दर्शाता है।

## Newspaper of 23 July, 2025

■ **भारतीय वायुसेना से 19 सितम्बर को विदा होंगे मिग-21; 62 साल का रहा सफर—**

भारतीय वायुसेना में 62 साल लंबी सेवाएँ देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान रिटायर होने वाले हैं। चंडीगढ़ वायुसेना

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अड्डे पर 19 सितंबर को इनका विदाई समारोह होगा। इसके बाद इन विमानों की सेवाएँ आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। देश में बने तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान इनकी जगह लेंगे।

मिग-21 को 1964 में वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था। यानी आवाज की रफ्तार से तेज उड़ सकता था। इसके आखिरी विमान 23वें स्क्वाड्रन का हिस्सा हैं, जिसे पैंथर्स के नाम से भी जाना जाता है। यह 'जंगी घोड़ा' भारत के सभी प्रमुख युद्धों का हिस्सा रहा है। इनमें 1965 और 1971 का भारत-पाक युद्ध, 1999 का कारगिल युद्ध व 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक शामिल है। हालांकि बाद में कई हादसों के कारण इसे 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाने लगा तथा। बढ़ते हादसों के कारण इनकी उड़ान पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी।

## ■ नुंबेओ सेफ्टी इंडेक्स 2025 में सबसे सुरक्षित देशों में भारत 66वें नंबर पर रहा; रैंकिंग में कुल 147 देशों को शामिल किया गया—

'नुंबेओ सेफ्टी इंडेक्स 2025' की सूची में चीन एशिया का सबसे सुरक्षित देश और वैश्विक स्तर पर यह 15वें स्थान पर रहा है। चीन का सेफ्टी स्कोर 76.0 रहा। इस इंडेक्स में अपराध दर, सुरक्षा को लेकर धारणा और कानून-व्यवस्था में लोगों के विश्वास जैसे कारकों के आधार पर देशों का मूल्यांकन किया जाता है। भारत ने इस रैंकिंग में कई विकसित देशों को पीछे छोड़ते हुए 147 देशों में 66वाँ स्थान हासिल किया है, स्कोर 55.7 रहा। आमतौर पर सुरक्षित माने जाने वाले देश ब्रिटेन 87वें (51.7) और अमेरिका 89वें स्थान (50.8) पर रहे। भारत के पड़ोसियों में श्रीलंका 59वें स्थान पर और पाकिस्तान 65वें स्थान पर रहा। बांग्लादेश इस सूची में 126वें स्थान पर रहा।

### यूरोपीय देश अंडोरा दुनिया का सबसे सुरक्षित देश

यूरापीय देश अंडोरा को दुनिया का सबसे सुरक्षित देश घोषित किया गया है। यह फ्रांस और स्पेन के बीच पिरिनीज पर्वतों में स्थित है। इसका सेफ्टी स्कोर 84.7 रहा और इसे कम अपराध दर और उच्च सार्वजनिक सुरक्षा की बेहतर स्थिति के कारण यह रैंकिंग मिली। मध्य पूर्व के तीन देश यूएई, कतर और ओमान भी टॉप 5 में शामिल रहे।

## ■ QS बेस्ट स्टूडेंट सिटी रैंकिंग में पढ़ाई के लिए सबसे अच्छा शहर दक्षिण कोरिया का सियोल, भारतीय शहरों में मुंबई नंबर-वन पर—

क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज 2026 की नई रैंकिंग जारी हो चुकी है, जो दुनियाभर के 150 शहरों को छात्रों के लिए पढ़ाई, खर्च, जीवनस्तर और करियर के नजरिए से आंकती है। इस साल साउथ कोरिया की राजधानी सियोल ने पहला स्थान हासिल किया है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन, जो पिछले छह साल से नंबर-1 पर थी, तीसरे स्थान पर खिसक गई है। भारतीय शहरों की बात की जाए तो दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और चेन्नई जैसे शहरों ने इस बार अपनी रैंक में जबरदस्त सुधार किया है। इनमें दिल्ली को स्टुडेंट्स के रहने के लिहाज से, दुनिया का सबसे सस्ता शहर घोषित किया गया है, जबकि मुंबई भारत की सबसे अच्छी स्टूडेंट सिटी बनी है।

### दुनिया के टॉप-10 शहर—

| रैंक | सिटी | देश | स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | सियोल | साउथ कोरिया | 100 |
| 2 | टोक्यो | जापान | 99.9 |
| 3 | लंदन | यूनाइटेड किंगडम | 97.1 |
| 4 | म्यूनिख | जर्मनी | 96.3 |
| 5 | मेलबर्न | ऑस्ट्रेलिया | 95.7 |
| 6 | सिडनी | ऑस्ट्रेलिया | 94.7 |
| 7 | बर्लिन | जर्मनी | 93.3 |
| 8 | पेरिस | फ्रांस | 93.3 |
| 9 | ज्यूरिख | स्विट्जरलैण्ड | 91.5 |
| 10 | विएना | ऑस्ट्रिया | 90.8 |

पिछले साल की QS बेस्ट स्टूडेंट सिटी रैंकिंग के मुकाबले भारत की चारों शहरों की रैंकिंग में सुधार हुआ

| शहर | 2025 | 2026 | सुधार |
|---|---|---|---|
| मुंबई | 131 | 98 | +33 |
| दिल्ली | 117 | 104 | +13 |
| बैंगलोर | 130 | 108 | +22 |
| चेन्नई | 140 | 128 | +12 |

## ■ हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में भारत 77वें स्थान पर रहा—

भारत ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में सबसे बड़ी छलांग लगाई है। पिछले छह महीनों में भारत 85वें स्थान से 77वें स्थान पर पहुँच गया है। भारत की रैंकिंग में यह उछाल भारतीय पासपोर्ट धारकों को दुनिया के 59 गंतव्यों पर वीजा-फ्री एंट्री मिलने के कारण आया है।

यह इंडेक्स दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्टों को इस आधार पर रैंक करता है कि किसी देश का पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के प्रवेश कर सकता है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे शक्तिशाली

पासपोर्ट सूचकांक के अनुसार, सिंगापुर अभी दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट बना हुआ है। यहाँ के नागरिक दुनिया के 227 गंतव्यों में से 193 में वीजा-फ्री एंट्री ले सकते हैं। जबकि, अफगानिस्तान दुनिया का सबसे खराब पासपोर्ट बना हुआ है, जहाँ 25 देशों के केवल 25 गंतव्यों तक वीजा-फ्री पहुँच उपलब्ध है।

## Newspaper of 24 July, 2025

- **भारत भी ह्यूमनॉयड रोबोटिक्स की दौड़ में 'शेरपा मेचा' बनाया—**

रोबोटिक्स स्टार्टअप अति मोटर्स ने शेरपा मेचा नाम का ह्यूमनॉयड रोबोट बनाया है। इसके साथ ही भारत भी ह्यूमनॉयड रोबोटिक्स की दौड़ में शामिल हो गया। भारत के डीप-टेक सेक्टर के लिए यह अहम मोड़ साबित हो सकता है।

शेरपा मेचा इंसानों से प्रेरित रोबोट है। ये रोबोट इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, असेंबली लाइन, मटेरियल मैनेजमेंट और क्वालिटी कंट्रोल के लिए डिजाइन किया गया है और अभी परीक्षण के चरण में है। कहीं इन्वेन्टो रोबोटिक्स ने 'मित्रा' नाम का एक सेमी-ह्यूमनॉयड रोबोट विकसित किया है। इसका इस्तेमाल हॉस्पिटैलिटी और हेल्थ केयर में किया जाता है। वहीं इसरो 2025 की चौथी तिमाही में गगनयान मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री ह्यूमनॉयड व्योममित्र तैयार कर रहा है। डीआरडीओ सैन्य और खतरनाक वातावरण के लिए इंसानी रोबोट का प्रोटोटाइप तैयार कर रहा है। इस बीच रिलायंस द्वारा समर्थित एडवर्ब टैक्नोलॉजीज 2025 में एक दोहरे हाथ वाला इंसानी उपकरण लॉन्च करने के लिए तैयार है।

- **भारत ने बनाई पनडुब्बी मत्स्य, 6 किमी गहरे होगी खोजबीन—**

गहरे समुद्र में अन्वेषण और दुर्लभ खनिज संसाधनों की खोज के लिए भारत ने महत्वाकांक्षी समुद्रयान मिशन की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआओटी) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की इस संयुक्त परियोजना के तहत मत्स्य-6000 नामक पनडुब्बी के विकास में अहम सफलता मिली है। इसका विकास इसरो के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (वीएसएससी) में हो रहा है। समुद्रयान मिशन के तहत पनडुब्बी मत्स्य-6000 में चालक दल के तीन सदस्यों को 6 किमी गहरे समुद्र तक भेजने की योजना है। इसके लिए मानव-सक्षम वाहन (एचओवी) का निर्माण किया जा रहा है।

- **23 जुलाई,** 2025 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए दूसरे स्वदेशी डिजाइन वाले प्रदूषण नियंत्रक पोत 'समुद्र प्रचेत' का जलावतरण वास्को में किया। 114.5 मीटर लंबे और 4170 टन वजनी इस पोत में दो भुजाएँ और एक विशेष रडार है, जो चलते वक्त तेल रिसाव एकत्र करने और समुद्र में धब्बों का पता लगाने में सक्षम है।

## Newspaper of 25 July, 2025

- **मध्यप्रदेश में बनेगा राष्ट्रीय पेसा संस्थान, आदिवासियों को साधने की बनेगा धुरी—**

देश के आदिवासियों के उत्थान और राजनीतिक तौर पर उन्हें साधने के लिए राष्ट्रीय पेसा संस्थान मध्य प्रदेश मे बनेगा। यह सेंटर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित आदिवासी बाहुल्य वाले दस प्रमुख राज्यों को फोकस करके काम करेगा। अभी तक पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नौ मॉड्यूल तैयार किए गए है।

पेसा एक्ट के लिए दस राज्यों को फोकस करके काम होता है। इसमें मध्यप्रदेश अव्वल है। ओडिशा व झारखंड ने अभी पेसा एक्ट लागू नहीं किया है, हालांकि ड्राफ्ट बन चुका है। बाकी आठ राज्य आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात व तेलंगाना है।

**मध्यप्रदेश का चयन क्यों—**मध्यप्रदेश का चयन तीन प्रमुख कारणों से हुआ है। पहला-पेसा एक्ट के क्रियान्वयन में नंबर वन राज्य होना, दूसरा-आदिवासी बाहुल्यता में नंबर वन होना, और तीसरा-16 राज्यों की स्पर्धा में मध्यप्रदेश की राष्ट्रीय इंदिरा गांधी ट्राइबल यूनिवर्सिटी का प्रेजेंटेशन सबसे बेहतर पाया जाना। यह इंस्टीट्यूट मध्यप्रदेश के अमरकंटक में खोलना तय किया गया है। इस इंस्टीट्यूट का एक चेयरपर्सन होगा। बाकी करीब एक दर्जन दूसरे सदस्य पदाधिकारी होंगे।

**क्या है पेसा—**पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 को पेसा एक्ट कहते हैं। यह अनुसूचित क्षेत्र के आदिवासियों को आत्मनिर्भर बनाने, संरक्षण व उत्थान के लिए है। इसमें पंचायतों में ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार दिए गए हैं, खास तौर पर खनन व प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े हुए।

- **केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई सहकार नीति जारी की—**

देश के हर गांव में कम से कम एक सहकारी समिति खुलेगी और हर तहसील में पाँच-पाँच मॉडल सहकारी गांव बनेंगे। साथ ही सब कुछ योजनानुसार चला तो साल के अंत में कई

शहरों में ओला-ऊबर की तरह 'सहकार टैक्सियाँ' चलने लगेंगी। मोदी सरकार ने देश में 23 साल बाद लाई गई नई सहकारिता नीति में यह लक्ष्य रखे हैं।

24 जुलाई, 2025 को केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली स्थित अक्षय ऊर्जा भवन में नई सहकारी नीति, 2025 लॉन्च की।

नई नीति में 2025 के तहत देश में 50 करोड़ लोगों को सहकारिता से जोड़कर उन्हें सक्रिय सदस्य बनाने की तैयारी है। सरकार का लक्ष्य है कि 2034 तक सहकारिता से देश की जीडीपी में तीन गुना योगदान बढ़ाया जाए। नई नीति आने वाले 25 साल तक सहकारिता क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करेगी।

**नई नीति में फोकस—**

- नई नीति में हर 10 साल के अंतराल पर कानून में आवश्यक बदलाव की व्यवस्था।
- सहकारिता उत्पादों का होगा निर्यात, तंत्र विकसित होगा।
- मौजूदा 8.30 लाख समितियों में 30% की बढ़ोतरी होगी।
- प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक प्राथमिक सहकारी इकाई।
- सहकारी समितियों के लिए एक क्लस्टर और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित होगा।
- कंम्प्यूटरीकरण से पारदर्शिता को बढ़ावा।

## ■ भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हुआ—

24 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इससे वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार में हर साल लगभग 34 अरब डॉलर की वृद्धि होगी और यह वर्ष 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँच सकता है। इस ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते के तहत, भारत और ब्रिटेन के 90% उत्पादों पर शुल्क में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन 99% भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा, जिससे सभी क्षेत्रों में शुल्क सीमा और नियामक प्रक्रियाओं में बड़ी कमी आएगी।

इस समझौते से स्कॉच व्हिस्की, जिन, लग्जरी कारें, कॉस्मेटिक व चिकित्सा उपकरण जैसे आयातित सामान भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो जाएंगे। भारतीय कृषि उत्पादों को जर्मनी जैसे यूरोपीय निर्यातकों के साथ टैरिफ समानता प्राप्त होगी।

**भारत को क्या मिलेगा लाभ—**

- कृषि और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।
- टेक्सटाइल, समुद्री उत्पाद, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्युटिकल्स जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर से 8 फीसदी से लेकर 20 फीसदी तक के शुल्क समाप्त किए गए हैं।
- प्रोसेस्ड फूड श्रेणी में 99.7% उत्पादों पर से 70% तक की ड्यूटी शून्य कर दी गई है।
- भारतीय किसानों को उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों जैसे बासमती चावल, आम, अंगूर, चाय, मसाले, डेयरी उत्पाद और समुद्री खाद्य सामग्री के लिए यूके के बाजार में नई संभावनाएँ मिलेंगी।

**ब्रिटेन को क्या लाभ मिलेगा—**

- ब्रिटेन की ओर से व्हिस्की, कारों और अन्य उच्च मूल्य उत्पादों के लिए भारत में टैरिफ कम कर दिया गया है। 150 फीसदी टैरिफ वाले अल्कोहल उत्पादों पर अब कम शुल्क लगेगा। ब्रिटिश कंपनियों को भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर पहुँच मिलेगी।
- एफटीए के साथ दोनों देशों ने एक डबल सोशल सिक्योरिटी कन्वेंशन पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिससे भारतीय कर्मचारियों को यूके में काम करते समय सोशल सिक्योरिटी योगदान से छूट मिलेगी, जिससे रोजगारदाता और कर्मचारियों दोनों को लाभ होगा।

**'यूके-इंडिया विजन 2035' की घोषणा—**प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय यूके यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं ने एक साझा रणनीति 'यूके-इंडिया विजन-2035' की भी घोषणा की।

**Newspaper of 26 July, 2025**

## ■ नरेन्द्र मोदी लगातार 4078 दिन से प्रधानमंत्री, इंदिरा गांधी का रेकॉर्ड तोड़ा; पं. नेहरू के बाद लगातार सबसे ज्यादा दिन पीएम रहने वाले दूसरे व्यक्ति—

हाल ही में नरेन्द्र मोदी लगातार सबसे ज्यादा दिन रहने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए है। 25 जुलाई, 2025 को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 4078 दिन पूरे कर इंदिरा गांधी (4077 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सबसे लंबे समय तक लगातार पीएम रहने का रिकॉर्ड जवाहरलाल नेहरू के नाम है। वह 15 अगस्त, 1947 से 27 मई, 1964 तक यानी लगतार कुल 6126 दिन तक इस पद पर रहे। रिकॉर्ड के मामले में मोदी नेहरू से 2048 दिन पीछे है। हालांकि, तीन लगातार लोकसभा चुनाव (2014, 2019, 2024) जीतने के मामले में वे नेहरू की बराबरी कर चुके हैं। यदि राज्य और केन्द्र में सरकार का नेतृत्व करने की बात करें तो नरेन्द्र मोदी

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

का सभी प्रधानमंत्रियों में यह रिकॉर्ड है। वह पीएम और गुजरात के सीएम के रूप में 24 वर्षों तक सरकार का नेतृत्व कर चुके हैं।

**प्रधानमंत्री : लगातार सबसे ज्यादा कार्यकाल—**

जवाहर लाल नेहरू—6126 दिन (15 अगस्त, 1947 से 27 मई, 1964)

नरेन्द्र मोदी—4078 दिन (26 मई, 2014 से वर्तमान तक)

इंदिरा गांधी—4077 (24 जनवरी, 1966 से 24 मार्च 1977)

मनमोहन सिंह—3656 (22 मई, 2004 से 26 मई, 2014)

अटल बिहारी वाजपेयी—2256 (19 मार्च, 1998 से 22 मई, 2004)

**ये सबसे कम दिन रहे प्रधानमंत्री—**

चरण सिंह : 170 दिन

चंद्रशेखर : 223 दिन

एचडी देवगौड़ा : 324 दिन

आइके गुजराल : 332 दिन

वीपी सिंह : 343 दिन

## ■ DRDO ने प्रिशिजन गाइडेड मिसाइल यूजीपीजीएम-वी3 का सफल परीक्षण किया—

25 जुलाई, 2025 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कुरनूल के नेशनल ओपन एरिया टेस्टिंग रेंज में ड्रोन से दागी जाने वाली प्रिशिजन गाइडेड मिसाइल यूजीपीजीएम-वी3 का सफल परीक्षण किया। यह यूजीपीजीएम-वी2 का एडवांस्ड वर्जन है। यह मिसाइल किसी भी मौसम में दुश्मन के ठिकाने को नष्ट कर सकती है। खास बात है कि यह मिसाइल फायर-एंड-फॉरगेट मोड में काम करती है। यानी एक बार छोड़ने के बाद खुद ही टारगेट को खोजकर मार गिराती है। मिसाइल का एंटी-आर्मर मोड में परीक्षण किया गया। इस टेस्ट में एक नकली टैंक को खड़ा किया गया था। स्वदेशी ड्रोन से लॉन्च की गई मिसाइल ने टारगेट पर निशाना लगाकर उसे नष्ट कर दिया।

**यह है खासियत—**

- मिसाइल की अनमेन्ड ड्रोन से लॉन्चिंग हो सकेगी।
- इमेजिंग इन्फ्रारेड सीकर से हर मौसम में निशाना लगाया जा सकेगा।
- पैसिवल होमिंग सिस्टम से रडार को चकमा देने में सक्षम।
- इसका वजन 12 किलो 500 ग्राम होने से छोटे ड्रोन से भी लॉन्चिंग संभव।
- मिसाइल दिन में चार किमी और रात में 2.5 किमी तक हमला कर सकती है। यह पूरी तरह स्वदेशी है।

**Newspaper of 28 July, 2025**

## ■ भारत और सिंगापुर की सेनाओं का 14वां संयुक्त 9 दिवसीय सैन्य अभ्यास 'बोल्ड कुरूक्षेत्र 2025' शुरू हुआ—

27 जुलाई, 2025 से जोधपुर में भारत और सिंगापुर की सेनाओं का 14वां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'बोल्ड कुरूक्षेत्र 2025' शुरू हो गया। यह अभ्यास 4 अगस्त तक चलेगा। इसमें भारतीय सेना की मशीनरी से लैस पैदल सेना (मैकेनाइज्ड इंफैंट्री रेजिमेंट) और सिंगापुर की 42 सिंगापुर आर्म्ड रेजिमेंट हिस्सा ले रही है। अभ्यास कागजी और कम्प्यूटर पर आधारित युद्ध खेल के रूप में होगा, जिसका मकसद आधुनिक युद्ध की तकनीकों को परखना और बेहतर करना है। अभ्यास का लक्ष्य दोनों देशों की सेनाओं को संयुक्त राष्ट्र के नियमों के तहत एक साथ काम करने और तालमेल बनाने में मदद करना है।

## ■ आचार्य महाप्रज्ञ की 105वीं जयंती पर जारी होगा 100 रुपए का सिक्का—

तेरापंथ धर्म संघ के 10वें अधिशास्ता आचार्य महाप्रज्ञ की 105वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत सरकार 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करने जा रही है।

आचार्य महाप्रज्ञ पर जारी होने वाले सिक्के का वजन 40 ग्राम होगा, जो कि शुद्ध चाँदी से बना होगा। इसकी गोलाई 44 मिलीमीटर होगी। सिक्के का निर्माण भारत सरकार की मुंबई टकसाल की ओर से किया गया है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से इस सिक्के को जारी करने के लिए गजट अधिसूचना 24 जुलाई, 2025 को जारी कर दी गई है। इस सिक्के के एक तरफ मध्य में आचार्य महाप्रज्ञ का फोटो होगा, जिसकी ऊपरी परिधि पर हिंदी में तथा निचली परिधि में अंग्रेजी में आचार्य महाप्रज्ञ की 105वीं जयंती लिखा होगा। आचार्य महाप्रज्ञ के फोटो के दाएं और बाएं उनका जीवनकाल क्रमशः 1920 तथा 2010 लिखा होगा तथा चित्र के ठीक नीचे सिक्का जारी करने वाला वर्ष 2025 लिखा होगा। सिक्के के दूसरी तरफ अशोक स्तम्भ के नीचे रुपए के प्रतीक चिह्न के साथ मूल्यवर्ग 100 लिखा होगा, जिसके दाएं और बाएं हिंदी तथा अंग्रेजी में भारत और इंडिया लिखा होगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 29 July, 2025

- हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नया इतिहास रचा है। वह उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री रहे पं. गोविंद बल्लभ पंत का रिकॉर्ड तोड दिया है। योगी आदित्यनाथ ने 8 साल 4 महीने और 10 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है, जबकि पंत का कार्यकाल 8 साल और 127 दिन का रहा था। योगी आदित्यनाथ ने 19 मार्च, 2017 को सीएम पद की शपथ ली थी। उनके नेतृत्व में भाजपा ने 2022 में विधानसभा के चुनावों में भी बहुमत हासिल किया जिसके बाद वे लगातार दूसरी बार सीएम बने। वह पहले ऐसे सीएम हैं जिन्होंने पूर्ण कार्यकाल के बाद दोबारा लगातार पद संभाला है। राजनीति में आने से पहले गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मठ के महंत यानी मुख्य पुजारी योगी ने 1998 में मात्र 26 वर्ष की आयु में गोरखपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सियासत में कदम रखा था। वह लगातार पाँच बार गोरखपुर सीट से सांसद के रूप में अजेय रहे।

**उत्तर प्रदेश के अन्य मुख्यमंत्रियों का कार्यकाल—**

**पं. गोविंद बल्लभ पंत :** 8 साल 127 दिन
**मायावती :** 7 वर्ष 16 दिन
**मुलायम सिंह यादव :** 6 वर्ष 274 दिन
**डॉ. सम्पूर्णानंद :** 5 वर्ष 345 दिन
**अखिलेश यादव :** 5 वर्ष 4 दिन
**नारायण दत्त तिवारी :** 3 वर्ष 311 दिन
**कल्याण सिंह :** 3 वर्ष 217 दिन

## Newspaper of 30 July, 2025

- **हाल ही में डीआरडीओ ने ओडिशा तट के अब्दुल कलाम द्वीप से 'प्रलय' मिसाइल के दो सफल उड़ान परीक्षण किए। इस परीक्षण का मकसद मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमताओं का सत्यापन करना था।**

## Newspaper of 31 July, 2025

- **श्रीहरिकोटा से 'निसार' सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया; इसरो-नासा का साझा मिशन सफल रहा—**

30 जुलाई, 2025 को भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग के तहत श्रीहरिकोटा से निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार) सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो के जीएसएलवी-एफ 16 रॉकेट ने इसे सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया। निसार भूकंप, भूस्खलन व ग्लेशियर पिघलने जैसी आपदाओं पर नजर रख अलर्ट देगा।

**दुनिया का सबसे एडवांस्ड राडार सैटेलाइट है निसार**

03 साल मिशन काल
12 हजार करोड़ नासा का खर्च
2392 किलो वजन
470 करोड़ इसरो का खर्च

- **पहला सैटेलाइट** जो पृथ्वी का अवलोकन दोहरी-आवृत्ति वाले सिंथेटिक एपर्चर राडार से करेगा।
- **एल-बैंड राडार :** नासा के जेट प्रोपल्शन लैब द्वारा निर्मित।
- **एस-बैंड राडार :** इसरो के स्पेस एप्लिकेशन सेंटर द्वारा निर्मित।

**इकोसिस्टम की निगरानी**

- पृथ्वी की 3डी फोटो प्रदान करने से इकोसिस्टम की निगरानी होगी।
- प्राकृतिक-मानवजनित आपदाओं की योजना बनाने में मदद करेगा।
- फसलों का मानचित्रण करेगा, बदलते मौसम की निगरानी करेगा।
- 80 टेराबाइट डाटा उत्पन्न करेगा। यह 150 से अधिक 512 जीबी हार्ड ड्राइव भरने जितना। यह किसी भी पिछले पृथ्वी उपग्रह से अधिक है।

**हर 12 दिन में भेजेगा डाटा**

- निसार पृथ्वी की भूमि और बर्फ से ढके क्षेत्रों का अवलोकन करेगा।
- यह 12 दिन के अंतराल पर डेटा इकट्ठा कर धरती पर भेजा करेगा।
- यह पृथ्वी की सतह पर होने वाले परिवर्तनों की सबसे सटीक फोटो देगा।
- यह सैटेलाइट प्रतिदिन पृथ्वी पर 240 किमी क्षेत्र को स्कैन करेगा और एक-एक पिक्सल का आकार एक टेनिस कोर्ट जितना होगा।

- **बुद्ध के अस्थि अवशेष 127 वर्ष बाद भारत लौटे—**

भगवान बुद्ध की पवित्र पिपरहाव अस्थियाँ 127 साल बाद भारत लौट आई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। अस्थियाँ 1898 ई. में यूपी के पिपरहवा में मिली थीं, लेकिन ब्रिटिशकाल में विदेश भेज दी गई। इस साल एक अंतरराष्ट्रीय नीलामी में सामने आने पर भारत में उन्हें वापस लाने में सफलता पाई।


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें
( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com